## खबर संक्षेप



### राजस्थान का युवक अफीम के साथ काबू

**फतेहाबाद।** एएनसी स्टाफ सेल फतेहाबाद की टीम ने नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए एक युवक को काबू कर 866 ग्राम अफीम बरामद की है। बस अड्डा धांगड़ के निकट एक जीप कम्पास संदिग्ध अवस्था में आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकवाने का संकेत देने पर वाहन चालक ने वाहन को तेज गति से भगाने का प्रयास किया, जिसे सरकारी वाहन की सहायता से तुरंत काबू कर लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम हनुमान राम पुत्र खेराज राम निवासी कोट तिलाना भेरूंगी, जिला बाड़मेर, राजस्थान बताया।

### फार्मा ऑफिस पर रेड जांच के बाद किया सील

**अंबाला।** अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी में सोमवार सुबह नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग की टीम ने अचानक एक फार्मा ऑफिस पर रेड की। विभाग को सूचना मिली थी कि इलाके में संचालित एक कंपनी द्वारा प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया और मौके से कई तरह की दवाइयों के सैंपल कब्जे में लिए हैं। छापेमारी के दौरान नारकोटिक्स विभाग की टीम ने जिस दफ्तर को निशाना बनाया, वह ट्रिडेंट ड्रग नाम की कंपनी का कार्यालय है। टीम ने ऑफिस में मौजूद दस्तावेजों, स्टॉक और पैकेजिंग सामग्री की जांच की। प्रारंभिक जांच के बाद विभाग ने कंपनी के पूरे कार्यालय को सील कर दिया है।

### केजीपी पर दो ट्रकों की टक्कर, ड्राइवर की मौत

**फरीदाबाद।** केजीपी (कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल) पर छांयसा के पास दो ट्रक की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने अपनी कार्रवाई करके मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया है। राजस्थान के भरतपुर जिले के डींग के रहने वाले उमेद ने बताया कि उसका पिता रामप्रसाद ट्रक चालक था। वह ट्रक में क्रेशर भरकर नोएडा की तरफ जा रहा था। छांयसा के पास एक चालक ने अपना ट्रक सड़क पर खड़ा किया हुआ था। उसने ट्रक खड़े होने के बारे में सूचित करने के लिए न तो रिफ्लेक्टर बोर्ड लगाए हुए थे और न ही पत्थर डाले हुए थे। अंधेरा होने के कारण रामप्रसाद ने अपने ट्रक से आगे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी चोट लगने के कारण मौत हो गई।

### जॉब का झांसा देकर युवक से 12 लाख ठगे

**फरीदाबाद।** हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से सेल्स टैक्स अधिकारी की नौकरी लगवाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर एनआइटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी हैं। गांधी कालोनी निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि दिल्ली में रहने वाले हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी दिलवा देंगे।

---

**सदमे में परिवार बोला- हम पैसे देने को तैयार, कोई बेटे का शव तो लाए**

# एमबीए की पढ़ाई करने इग्लैंड गए बाढ़ड़ा के विजय श्योराण की हत्या के एक सप्ताह बाद भी भारत नहीं पहुंचा शव

**परिवार ने लगाई भारत व इंग्लैंड सरकार से मदद की गुहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

जीएसटी इंस्पेक्टर के पद की नौकरी छोड़कर उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड में एमबीए करने गए गांव जगरामबास निवासी विजय श्योराण की एक सप्ताह पहले गत 25 नवंबर को हत्या हुई थी और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी शव भारत नहीं पहुंचा है। शव कब आएगा इसके बारे में परिजनों को इंग्लैंड से कोई सूचना नहीं दी जा रही है। अपने बेटे के शव को भारत लाने को लेकर पूरा परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना हैं कि हम पैसे देने को तैयार हैं, लेकिन कोई बेटे का शव भारत तो लेकर आए। विजय के बड़े भाई सैनिक रवि कुमार ने छोटे भाई विजय की याद में बिलखते हुए कहा कि उसके भाई के हत्यारों को फांसी से बड़कर सजा मिलनी चाहिए।

### पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं मिली, विदेश मंत्री से मदद की गुहार

हत्यारों ने उसके भाई की हत्या कर उसका सबकुछ खत्म कर दिया है। मृतक विजय के बड़े भाई रवि ने बताया कि उसका भाई विजय इंग्लैंड से एमबीए की पढ़ाई पूरी कर मार्च 2026 में भारत लौटना था और उसकी शादी के लिए तीन-चार जगह से रिश्तों की बातचीत चल रही थी। उसके भारत लौटते ही रिश्ता तय कर शादी करनी थी। मृतक के बड़े भाई रवि कुमार ने बताया कि उसके छोटे भाई विजय के शव का लंदन में पोस्टमार्टम हो चुका है, लेकिन अभी तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं मिली है। रवि कुमार ने बताया कि चरखी दादरी विधायक सुनील सांगवान ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल को विजय श्योराण के शव को जल्द भारत लाने के बारे में पत्र लिखा है। विधायक सांगवान ने बताया कि गांव जगरामबास निवासी विजय के निधन से बहुत सदमा लगा है। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना जताई और कहा कि दुःख की इस असहनीय घड़ी में उनके साथ हैं। विधायक ने भारत सरकार से जल्द से जल्द मामले में दखल देते हुए दुःखी परिवार को हर मुमकिन मदद करने व उनके पार्थिव शरीर को तुरंत भारत वापस लाने में सहयोग की मांग उठाई है। मृतक विजय के पिता सुरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार उनसे खर्चे का पैसा जमा करवा लें, लेकिन उनके बेटे के शव को शीघ्र भारत लाकर उन्हें सौंपे, ताकि वह अपने लाडले के शव का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज अनुसार अपने हाथों से कर सके। उनके बेटे की हत्या हुए लगभग एक सप्ताह का समय बीत चुका, लेकिन अभी तक प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया है।



बाढ़ड़ा। जगरामबास में घर पर शोक में डूबे परिजन।



### एक साल के लिए गया था इग्लैंड

मृतक विजय के बड़े भाई रवि कुमार ने बताया कि विजय एक साल के 25 फरवरी 2025 को एसबीए मनेजमेंट के कोर्स के लिए इंग्लैंड गया था और मार्च 2026 में वापस आना था, लेकिन उससे पहले ही ये घटना हो गई। परिवार उसकी शादी के लिए बातचीत चला रहा था, लेकिन अब परिवार उनके शव को भारत लाने के लिए भारत सरकार व इंग्लैंड सरकार से मदद की मांग कर रहा हैं, ताकि वह अपने भाई का शव भारत ला सकें।

### नहीं मिली मदद

मृतक विजय के पिता पूर्व सैनिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक न तो कोई नेता और न ही किसी अधिकारी का मदद के लिए फोन आया है। उन्होंने प्रशासन व स्थानिय नेताओं से मदद की गुहार लगाई है, ताकि अपने बेटे का शव भारत ला सकें और हिन्दू रीति रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार कर सके।

### रिस्तेदारों से मिल रही जानकारी

मृतक विजय के बड़े भाई रवि कुमार ने बताया कि उसकी बहन व जीजा वहां रहते है, वह भी घटनास्थल से करीब 350 कलोमीटर दूर है, उन्ही से कुछ जानकारी मिल रही है। वहां की पुलिस ने तो बस इतना बताया है कि 25 नवंबर की सुबह चार बजे विजय का शव उनकी कार के पास मिला है और पांच लोगों को हिरास्त में लिया गया है। उसने बताया कि भाई के दोस्त ने बताया कि आरोपी युवक पंजाब, कुरुक्षेत्र, दिल्ली, युपी से हैं, जबकि पुलिस कोई जानकारी नहीं दे रही है।

---

**कार्रवाई : पैसा-शोहरत-ग्लैमरस के लिए अपराधिक दुनिया में आए बदमाश**

# गोदारा गैंग के 7 शार्प शूटर गिरफ्तार विदेशी हथियार 200 गोलियां बरामद

**बड़ी साजिश नाकाम, दिल्ली के उद्यमी को बनाना था निशाना**

**एसटीएफ अंतरराज्यीय नेटवर्क तोड़ने में सफल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसटीएफ ने रोहित गोदारा गैंग की एक बड़ी साजिश को विफल करते हुए आधुनिक विदेशी हथियारों से लैस सात आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रोहित निवासी गांव कटवाल सोनीपत, मोहम्मद शाजिद, मानव कुमार, विकासपाल, हैप्पी सिंह, जवरजंग सिंह और विजय कुमार निवासी पंजाब के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये सभी लोग किसी बड़े उद्यमी को निशाना बनाने की तैयारी में थे और वारदात के लिए दिल्ली क्षेत्र में सक्रिय रूप से घूम रहे थे। एसटीएफ यूनिट ने दबिश के दौरान एक जिगाना, पिएक्स 3, दो इंडियन 9 एमएम और एक स्टार पिस्टल के साथ बड़ी संख्या में गोलियां तथा आठ मोबाइल बरामद किए। प्रेस वार्ता के दौरान एसपी वसीम अकरम ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह में बढ़ते टकराव के बीच रोहित गोदारा विदेश में बैठकर अलग-अलग राज्यों में नई आपराधिक टीम तैयार कर रहा है। इन्हीं योजनाओं के तहत इन शार्प शूटरों को हथियार और कैश मुहैया कराया जा रहा था। सूचना पर इंस्पेक्टर योगेंद्र दहिया की टीम ने नेशनल हाईवे के पास दबिश देकर सभी को पकड़ लिया।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित और बरामद किए गए हथियारों के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### गिरफ्तार सदस्य और उनसे बरामद असलहे

1- रोहित निवासी गांव कटवाल थाना सदर गोहाना, एक पिस्तौल, 36 कारतूस व एक मोबाइल बरामद
2- मोहम्मद साजिद निवासी गांव रसूलपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल, आबाद मकान नंबर 5, गोल्डन एन्कलेव, लोगड़, जिरकपुर पंजाब। एक पिस्तौल, 25 कारतूस 30 बोर, दो मोबाइल बरामद
3- मानव कुमार निवासी खगरिया थाना खगरिया खगरिया बिहार हाल आबाद अंगूरबाग नजदीक जालंधर बाईपास लुधियाना पंजाब। एक पिस्तौल जिगाना 9 एमएम 25 कारतूस, एक मोबाइल बरामद
4- विकास पाल निवासी गोरखपुर यूपी हाल आबाद नजदीक बहादुर रोड बाइपास, करावारा लुधियाना, एक पिस्तौल देशी, 24 कारतूस एक मैंगजीन व मोबाइल बरामद
5. हैप्पी सिंह निवासी गांव बूटमढ़ जिला पटियाला, पंजाब । पिस्तौल 30 बोर, 36 कारतूस, एक मैगजीन, मोबाइल बरामद
6. जवरजंग सिंह निवासी संजय कॉलोनी पटियाला पंजाब पिस्तौल व मोबाइल एवं 25 कारतूस बरामद
7-विजय कुमार निवासी गांव खेड़ी मुज्जरा, मोहाली पंजाब एक पिस्तौल, 26 कारतूस व मोबाइल बरामद

### आरोपित हत्या और रंगदारी जैसे मामलों में जेल जा चुके

जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश आरोपित हत्या और रंगदारी जैसे मामलों में जेल जा चुके हैं। गिरोह को आर्थिक सहयोग देने वालों की पहचान की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई गई है। गिरफ्तार आरोपित हत्या व रंगदारी के अपराधों में पहले भी जेल जा चुके हैं। रोहित सोनीपत का है, अन्य आरोपी मोहम्मद शाजिद, मानव कुमार, विकासपाल, हैप्पी सिंह, जवरजंग सिंह और विजय कुमार पंजाब के अलग अलग जगहों के हैं।

### अपराधियों को भारत लाने की कर रहे हैं कार्रवाई

गैंगस्टर रोहित गोदारा मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। रोहित गोदारा अब भारत छोड़कर विदेश भाग चुका है, तथा विदेश में बैठकर अपनी गैंग का संचालन कर रहा है। इसके गैंग में नवीन बाक्सर गौरीपुर भिवानी, महेंद्र साहरण, विरेंद्र चारण, राहुल रिनाऊ, मनोज दिग्गू आदि अपराधी शामिल है। यह भारत छोड़कर विदेश भागे हुए है तथा रोहित गोदारा के साथ मिलकर अपराध कर रहे है। एसपी ने बताया कि इन अपराधियों को भारत लाने की कार्रवाई की जा रही है।

### फर्जी पासपोर्ट के जरिए विदेश भागे हैं गैंग के सरगना

रोहित गोदारा, नवीन बाक्सर गौरीपुर भिवानी, महेंद्र साहरण, विरेंद्र चारण, राहुल रिनाऊ, मनोज दिग्गू ने एक आपराधिक गैंग बना रखा है। यह सभी अपराधी फर्जी पासपोर्ट पर विदेश में भागे हुए है तथा वहां से आपराधिक गतिविधियों का संचालन कर रहे है। यह गैंग पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान क्षेत्र में सक्रिय है। गैंग के सरगना सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा, पंजाब व राजस्थान क्षेत्र के युवाओं को अपराध के लिए उकसाते है तथा अपराध का महिमा मंडन करके अपराध की ओर आकर्षित करते हैं।

---

# रेवाड़ीः संदिग्ध हालत में नेवी के जवान की मौत

**होटल में कमरे के बाथरूम में मिला शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार सुबह अंबेडकर चौक पर किराये के कमरे में ठहरे नेवी के जवान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। होटल के कमरे के बाथरूम में उसका शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई है। महेंद्रगढ़ के गढ़ी रूथल निवासी 25 वर्षीय हितेष कुमार भारतीय नौसेना में तैनात था। वह एक सप्ताह पहले छुट्टी लेकर अपने घर आया था। सोमवार को तड़के करीब 3 बजे उसने होटल में कमरा किराये पर लिया था। होटल स्टाफ को उसने बताया था कि वह सुबह 11 बजे तक कमरा खाली कर देगा। जब वह दोपहर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक अंदर से आवाज नहीं आई, तो पुलिस को सूचना दी गई।



रेवाड़ी। नेवी जवान का शव एंबुलेंस में रखवाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना के तीन युवकों को कॉल कर 50 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए टोहाना पुलिस टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित पुत्र नरेश कुमार निवासी जुलाना, जिला जींद तथा साहिल पुत्र रामकुमार निवासी गांव कनहेड़ी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई क्षेत्र में दहशत फैलाने की नीयत से किए गए व्हाट्सएप कॉल और फिरौती मांगने के मामले को सुलझाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि थाना शहर टोहाना क्षेत्र में फिरौती मांगने की गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के अनुसार 22 नवंबर की रात लगभग सवा 8 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने लवली सपड़ा, परमजीत सिंह और राहुल छाबड़ा के व्हाट्सएप नंबरों पर कॉल कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी तथा फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना से पीड़ित पक्ष दहशत फैल गई थी।



---

# अब गन्ना किसानों को भुगतान के लिए नहीं करवानी पड़ेगी रशीद जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**सरस्वती शुगर मिल में पेमेंट प्रक्रिया में बदलाव**

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर ने इस बार गन्ना उत्पादक किसानों के लिए पेमेंट की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब गन्ना किसान को पेमेंट के लिए शुगर मिल में रसीद जमा नहीं करवानी पड़ेगी। शुगर मिल द्वारा अपने रिकॉर्ड के अनुसार किसानों को गन्ने की पेमेंट की जाएगी। शुगर मिल द्वारा इस सीजन में करीब 125 लाख की क्विंटल गन्ना पिराई का लक्ष्य रखा है।

पिछले साल तक किसानों को हर बार पेमेंट के लिए गन्ने की रसीदें संभाल कर रखनी पड़ती थीं। हर सीजन में किसान अपनी गन्ने की रसीदें मिल में जमा करते थे और फिर इन रसीदों के आधार पर एक साथ पेमेंट प्राप्त करते थे। इस प्रक्रिया में कई बार रसीदों के खो जाने की समस्या आती थी, जिससे किसानों को भुगतान में देरी होती थी या फिर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब सरस्वती शुगर मिल के प्रशासन ने यह कदम उठाया है, जिससे किसानों को अधिक सुविधा मिल सकेगी।

# न्याय के लिए थाने पहुंचे अमन के परिजन

**शिकायत देकर जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर कराने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बास्केटबॉल खिलाड़ी अमन की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हादसे के कई दिन बाद भी परिवार न्याय की तलाश में भटक रहा है। अब परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर पीजीआई रोहतक के डॉक्टरों, स्टेडियम प्रबंधन और बास्केटबॉल पोल मेंटेनेंस से जुड़े जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि न केवल अमन के इलाज में लापरवाही हुई, बल्कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गंभीर त्रुटियां मिली हैं। परिवार के अनुसार, रिपोर्ट में अमन की उम्र दो अलग-अलग जगह 15 और 25 वर्ष लिखी गई है, जबकि एक स्थान पर मेल की जगह उसे फीमेल दर्शाया गया है।



बहादुरगढ़। शिकायत लेकर थाने पहुंचे अमन के परिजन।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठाए सवाल

अमन के पिता सुरेश ने आरोप लगाया कि उनका बेटा रविवार 23 नवंबर को पोल गिरने से गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसके बाद वे उसे शाम करीब साढ़े पांच बजे पीजीआई रोहतक ले गए। इसके बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इलाज शुरू होने का समय सात बजकर 50 मिनट दर्ज है। अमन की मौत 24 नवंबर को इलाज के दौरान हुई थी। अमन के चचेरे भाई रिंकू ने भी रिपोर्ट में हुई गलतियों को गंभीर लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार डॉक्टरों व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। परिवार का कहना है कि इलाज और पोस्टमार्टम दोनों चरणों में घोर लापरवाही ने उनकी पीड़ा बढ़ा दी है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि अब तक कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा। एसडीएम द्वारा सरकारी राहत राशि के लिए बैंक अकाउंट विवरण मांगा गया था, जिसके लिए परिजनों को कार्यालय बुलाया गया। वे अमन की मौत को हादसा मानकर चुप नहीं बैठेंगे।

---

**सियासत**

**पंजाब में आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी दिग्गजों ने चर्चा छेड़ी**

# हरियाणा के नए विधानसभा भवन पर फिलहाल केंद्रीय गृह मंत्रालय का ब्रेक

**हरियाणा सरकार के प्रस्ताव पर रोक लगी, निकाले जा रहे सियासी मायने**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के लिए बनने वाले नई विधानसभा की योजना पर फिलहाल, ब्रेक नजर आने लगा है। यह ब्रेक केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लगाया गया है। पहले ही चंडीगढ़ को लेकर दोनों राज्यों के सियासी लोगों के बीच में विवाद चल रहा है। अब पंजाब में आने वाले समय में होने वाले विधानसभा चुनावो से ठीक पहले पहले किसी भी विवाद से बचने के फूंक फूंक कर रखा जा रहा है। गृह मंत्रालय ने चंडीगढ़ में अलग विधानसभा भवन बनाने के सरकार के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। भरोसेंद उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना कि हरियाणा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह के सामने यह मुद्दा उठाया था, जिन्होंने उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन के साथ परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जाए।इस साल की शुरुआत में चंडीगढ़ प्रशासन ने नए विधानसभा भवन के लिए जमीन की अदला-बदली के हरियाणा के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया था कि यूटी मास्टर प्लान-2031 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने उठाए थे अहम कदम

हरियाणा विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वैसे इस दिशा में बेहद ही अहम प्रयास किए थे। उन्होंने 2022 की शुरुआत में चंडीगढ़ में नए विधानसभा भवन के लिए जमीन की मांग की थी। तब यूटी प्रशासन ने हरियाणा सरकार को तीन जगहों पर जमीन की पेशकश की थी- आईटी पार्क के पास, मनीमाजरा में कलाग्राम के पास और रेलवे लाइट पॉइंट से आईटी पार्क तक जाने वाली सड़क पर। जमीन को लेकर काफी दिनों तक लंबी जद्दो जहद चली थी. साथ ही पहले जमीन के बदले में जमीन देने की बात थी लेकिन बाद में इसके बदले में पैसा दिए जाने के प्रस्ताव पर मंथन हुआ था। फिलहाल, पंजाब में विस चुनावों और सियासी माहौल को देखते हुए बिना वजह के इस प्रस्ताव को रोक दिया गया है, ताकि किसी तरह का बखेड़ा खड़ा नहीं हो और विपक्ष के हाथ से एक सियासी मुद्दा छीन लिया गया है।

### कड़ा विरोध और हेरिटेज का सवाल

नई विधानसभा की बात उठी, पंजाब सरकार ने इसका तीखा विरोध शुरू कर दिया था। पंजाब आप के विधायक गुरलाल घनौर ने कहा, चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है। हरियाणा यहां सिर्फ एक किरायेदार की तरह भवन का उपयोग कर रहा है। हम चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा के लिए एक ईंट भी नहीं लगने देंगे। गौरतलब है कि वर्तमान में पंजाब और हरियाणा दोनों एक ही परिसर में बनी संयुक्त विधानसभा का उपयोग करते हैं। इसे महान वास्तुकार ली कार्बुजिए ने डिजाइन किया था और 2016 से यह यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल है। हेरिटेज साइट होने के कारण यहां नए निर्माण को लेकर वैसे भी कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लागू हैं।

### जमीन को लेकर भी फंसा हुआ था पेंच

विवाद की शुरुआत जुलाई 2022 में हुई थी, जब जयपुर में उत्तरी जोनल काउंसिल बैठक के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा को नई विधानसभा के लिए जमीन देने की घोषणा की थी। जुलाई 2023 में यूटी प्रशासन ने चंडीगढ़ के आईटी पार्क के पास रेलवे लाइट पॉइंट के नजदीक 10 एकड़ जमीन हरियाणा को देने पर सहमति जताई थी, जिसकी कीमत करीब 640 करोड़ रुपए आंकी गई थी। इसके बदले में हरियाणा सरकार ने पंचकूला के सेक्टोरियल क्षेत्र के पास 12 एकड़ जमीन चंडीगढ़ प्रशासन को देने का प्रस्ताव रखा था। जनवरी 2024 में यूटी प्रशासन ने हरियाणा द्वारा प्रस्तावित जमीन का विस्तृत सर्वे किया और उसे लेने से इनकार कर दिया। शहरी नियोजन विभाग की रिपोर्ट में जमीन को अनुपयुक्त बताया गया क्योंकि, जमीन का स्तर काफी नीचा था। जमीन के बीच से एक नाला गुजरता था।

# अफगानिस्तान की छात्रा ने एचएयू से की पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से पीएचडी की है। छात्रा ने सोमवार को कुलपति से मुलाकात की और पीएचडी करने पर कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और अपने मुख्य सलाहकार का धन्यवाद किया। कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा खातेरा ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए उत्कृष्ट शैक्षिणक वातावरण, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा निरंतर मार्गदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। खातेरा क्याने ने कहा कि वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शोध न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह अफगानिस्तान और समान भौगोलिक क्षेत्र के किसानों के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान करता है।



हिसार। खातेरा क्याने को पीएचडी की डिग्री देते वीसी प्रो. बीआर कम्बोज।

